**दिनांक 20.01.2026 को प्रबंध निदेशक,वेजफेड की अध्यक्षता में हरित एवं मगध सब्जी संघ अंतर्गत PVCS के अध्यक्ष, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, उप मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी एवं संघ के अध्यक्ष के साथ Google Meet के माध्यम से आयोजित बैठक की कार्यवाही :-**

**01.जिलों में उपमुख्य कार्यपालक पदाधिकारियों के प्रभार की समीक्षा** – बिहार सरकार, सहकारिता विभाग की अधिसूचना ज्ञापांक 6560 दिनांक 31.12.2025 द्वारा सम्बंधित जिला के जिला सहकारिता पदाधिकारी को वेजफेड अंतर्गत जिलें के उप मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी के रूप में नामित किया गया है | उक्त के आलोक में सम्बंधित जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा उस जिलें के उप मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी का प्रभार ग्रहण करने से सम्बन्धी समीक्षा प्रबंध निदेशक, वेजफेड द्वारा की गयी | समीक्षा के क्रम में पाया गया कि जहानाबाद जिला में प्रभार हो चुका है | नालंदा जिला से बताया गया कि आज प्रभार होगा | बेगुसराय से बताया गया कि जिला सहकारिता पदाधिकारी 31 जनवरी 2026 को सेवानिवृत होने वाले है | हरित सब्जी संघ के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि इस सम्बन्ध में उन्हें कहीं से भी सुचना प्राप्त नहीं हुयी है | सभी जिला सहकारिता पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि उक्त अधिसूचना में दिए गए निदेशों का यथा शीघ्र अनुपालन सुनिश्चित किया जाय एवं इसकी सुचना वेजफेड को उपलब्ध करायी जाय |

**02.PVCS को बुनियादी उपकरण उपलब्ध कराने की योजना की समीक्षा** – इस योजना के तहत हरित सब्जी संघ को 79 PVCS एवं मगध सब्जी संघ को 21 PVCS में बुनियादी उपकरण उपलब्ध कराने हेतु वेजफेड से प्रति PVCS 98,800 ( अनठानवे हजार आठ सौ) रूपये की राशि सब्जी संघों को हस्तांतरित की गयी है | समीक्षा के क्रम में हरित सब्जी संघ के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि 79 PVCS में से 45 PVCS को संघ से राशि हस्तांतरित कर दी गयी है शेष PVCS से राशि प्राप्त करने हेतु अधियाचना संघ को अप्राप्त है, जिससे राशि हस्तांतरित नहीं किया गया है | साथ ही यह भी बताया गया कि इस सम्बन्ध में PVCS के अध्यक्षों के साथ बैठक भी की गयी है |

मगध सब्जी संघ के अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि उनके संघ अंतर्गत 21 PVCS में से 20 PVCS में बुनियादी उपकरण क्रय हेतु राशि हस्तांतरित कर दी गयी है, सामग्री का क्रय हो गया है तथा सभी में कार्यालय भी खुल गया है | एक PVCS में राशि हस्तांतरण बाकि है जिसे हस्तांतरित कर दिया जायेगा |

निदेश दिया गया कि इस योजना हेतु चयनित वैसे PVCS जो राशि की माँग हेतु अधियाचना संघ को नहीं भेजे है उन्हें संघ को अधियाचना भेजने हेतु वेजफेड स्तर से पत्र दिया जाय ताकि PVCS को राशि उपलब्ध हो सके एवं सामग्री क्रय कर कार्यालय व्यवस्थित हो जाय | साथ ही संघों के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि अपने स्तर से PVCS के अध्यक्षों से समन्वय स्थापित कर यथा शीघ्र चयनित PVCS में बुनियादी उपकरण का क्रय करा कर वहाँ कार्यालय व्यवस्थित करा लिया जाय | PVCS में कार्यालय व्यवस्थित हो जाने से व्यवसाय

कार्यों एवं पंजीओं के संधारण में सुविधा होगी जिससे समिति का ट्रांजेक्सन भी बढेगा | साथ ही बुनियादी उपकरण क्रय से सम्बंधित प्रतिवेदन वेजफेड को उपलब्ध कराने का भी निदेश दिया गया |

**03.PVCS में सदस्यता वृद्धि अभियान एवं व्यवसाय की समीक्षा-** इस सम्बन्ध में बताया गया कि समिति को आधारभूत संरचना एवं अन्य योजना का लाभ लेने हेतु PVCS में 200 सदस्य एवं प्रति माह 20 MT व्यवसाय आवश्यक है | PVCS में चलाये जा रहे सदस्यता अभियान के तहत प्रतिदिन 100 सदस्य बनाने का लक्ष्य रखे | इस सम्बन्ध में संघों के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी को पर्यवेक्षण करते रहने का निदेश दिया गया |

**04.**समीक्षा के क्रम में पाया गया कि कुछ PVCS संघ से सम्बद्ध नहीं रहने या विलम्ब से सम्बद्ध होने के कारण बुनियादी उपकरण उपलब्ध कराने की योजना से वंचित है | इस सम्बन्ध में संघ को निदेश दिया गया कि ऐसे PVCS का प्रस्ताव नियमानुसार वेजफेड को उपलब्ध कराया जाय ताकि अग्रेतर कार्रवाई की जा सके |

**05.**समीक्षा के क्रम मे पाया गया कि कुछ PVCS में सहायक प्रबंधकों के वेतन भुगतान नहीं हो पाया है | इस सम्बन्ध में संघों के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि वे सम्बंधित एजेंसी से समन्वय स्थापित कर नियमानुसार वेतन भुगतान करवाना सुनिश्चित करें

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक का समापन किया गया |

प्रबंध निदेशक
वेजफेड,बिहार, पटना |

ज्ञापांक 106 दिनांक 20/01/2026

प्रतिलिपि:- 1.राज्य प्रबंधक (IT&MIS) को सूचनार्थ एवं निदेश है कि कार्यवाही को विभागीय वेबसाइट पर प्रकाशित कराना सुनिश्चित करें |

2.वेजफेड अंतर्गत सभी सम्बंधित पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित |

3.सभी जिला सहकारिता पदाधिकारी, हरित सब्जी संघ, पटना एवं मगध सब्जी संघ, गयाजी अंतर्गत को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित |

4.मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हरित सब्जी संघ, पटना एवं मगध सब्जी संघ, गयाजी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित |

5.अध्यक्ष, हरित सब्जी संघ, पटना एवं मगध सब्जी संघ, गयाजी को सूचनार्थ प्रेषित |

प्रबंध निदेशक
वेजफेड,बिहार ,पटना |